


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 117 ● मुंबई, बुधवार 25 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### भारतीय वायुसेना में कैरियर बनाने का सुनेहरा अवसर

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** वायुसैनिक चयन केन्द्र जोधपुर के कमांडिंग अधिकारी, विंग कमांडर अभिषेक कटोच ने बताया कि भारतीय वायु सेना की अग्निवीर वायु भर्ती 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 7 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू होकर 27 जनवरी, 2025 को रात 11 बजे तक चलेगा अग्निवीरवायु भर्ती के लिए साढ़े 17 से 21 वर्ष आयु वर्ग वाले अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र होंगे। भर्ती प्रक्रिया हेतु उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय मे किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में 50 फीसदी अंक होना जरूरी है या 03 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से संबधित विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर विस्तृत जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### सड़क सुरक्षा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले के श्री चैतन्य टेक्नों विद्यालय मे मंगलवार को रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका प्रशांति एवं डीन रणजीत सिंह ने रैली को विघालय प्रांगण से रवाना किया। रैली भुवाणा सर्कल होकर गुजरी जहाँ विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लहराते हुए और नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया इस दौरान लोगों को गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने एवं मोबाइल का उपयोग न करने का सदेंश दिया गया। बालिका शिक्षा को बढावा देते हुए बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ बेटी नहीं किसी से कम, बेटी से देश को मिलेगा दम जैसे नारे लगाते हुए शहर नागरिको को बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के साथ लिंगभेद मिटाए जाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ का संदेश दिया।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए दिलाई शपथ



● पदमावत मीडिया

**मेनार।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय अभियान नई चेतना तीन के अंतर्गत राष्ट्रीय अभियान आयोजित किया जा रहा है । इसी तहत मंगलवार को राजकीय सैटेलाइट अस्पताल वल्लभनगर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई गई। सैटेलाइट अस्पताल प्रभारी एवं बीसीएमओ वल्लभनगर डॉ कुलदीप लोहार ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी विभागों के कर्मचारियों को लिंग चयन रोकने, पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने, फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए जेंडर आधारित हिंसा पर जागरूक किया गया। वहीं जेंडर प्रतिज्ञा दिलाई गई।

### देवनानी पहुँचे देवासी के निवास पर देवासी की माता के निधन पर जताया दुःख



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मंगलवार को प्रातः यहां जयपुर स्थित निवास स्थान पर पहुँच कर उनकी माता दौलीबाई के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। देवनानी ने देवासी और अन्य परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजन को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में एसीबी की कार्रवाई

# सात लाख रुपए जब्त, एक गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**बीकानेर।** राजस्थान में करप्शन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है. एंटी करप्शन ब्यूरो को मिल रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार कर रही है. इसी कड़ी में मंगलवार को बीकानेर से एक बड़ी खबर सामने आई. बीकानेर स्थित महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को एसीबी की टीम ने छापेमारी करते हुए 7 लाख रुपए कैश जब्त किए. साथ ही एक निजी एजेंसी के प्रतिनिधि को हिरासत में लिया. मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### परीक्षा का टेंडर दिए जाने के नाम पर दी जा रही थी रिश्वत

मिली जानकारी के अनुसार बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में परीक्षा टेंडर देने के बदले रिश्वत दिया जाने वाला था. लेकिन इसकी भनक एसीबी को लग गई थी. ऐसे में एसीबी के अधिकारियों ने मौके से 7 लाख रुपये की राशि बरामद की है. यह रिश्वत बिजी फर्म द्वारा दी जा रही थी।



### मामले की गहराई से जांच में जुटी एसीबी

एसीबी ने मौके पर ही फर्म के प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया. अब एसीबी टीम इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और संबंधित प्रतिनिधि से पूछताछ जारी है. यह कार्रवाई भ्रष्टाचार रोकने के उद्देश्य से की गई है, और इससे विश्वविद्यालय प्रशासन व संबंधित फर्मों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### निजी एजेंसी के प्रतिनिधि से 7 लाख रुपए जब्त

कार्रवाई में शामिल एसीबी के अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के टेंडर देने के एवज में रिश्वत दिए जाने की सूचना एसीबी को मिली थी. इस सूचना के आधार पर एसीबी ने गंगा सिंह विश्वविद्यालय में छापेमारी की. जहां से एक निजी एजेंसी (माइक्रो यूनिट इंफोटेक) के प्रतिनिधि के पास से करीब 7 लाख रुपए बरामद किए।

### किस अधिकारी को दिया जाने वाला था पैसा, एसीबी जुटा रही जानकारी

अब एसीबी यह जानकारी जुटाने में जुटी है, रिश्वत की यह राशि विवि के किस अधिकारी को दिया जाना था. एसीबी की कार्रवाई से गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कर्मियों में हड़कंप मचा है. बताया गया कि पकड़ में आया आरोपी यूनिवर्सिटी में पब्लिसिंग का काम करने वाले बिजी फर्म का प्रतिनिधि है।

## तहसीलदार प्रतापगढ़ ने की अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई

### विद्यालय आमलीखेड़ा की भूमि को करवाया अतिक्रमण मुक्त



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ तहसीलदार उज्जवल जैन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत आमलीखेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमलीखेड़ा के भवन व खेल मैदान के नाम पर आवंटित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रातः ही प्रारंभ हो गई थी जो देर शाम तक चली। तहसीलदार प्रतापगढ़ ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमलीखेड़ा के प्रधानाचार्य द्वारा पेश प्रार्थना पत्र के अनुसार विद्यालय के नाम पर दर्ज भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था। इस पर उपखंड अधिकारी प्रतापगढ़ व प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमलीखेड़ा के पत्र के आधार पर तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व टीम द्वारा पुलिस प्रशासन, ग्राम पंचायत आमलीखेड़ा के कार्मिक सरपंच व मौतबिरान की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाया व इसके पश्चात अतिक्रमण मुक्त हुई भूमि प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमलीखेड़ा को सुपुर्द कर दी गई। उल्लेखनीय है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान तहसीलदार उज्जवल जैन प्रतापगढ़ व उप पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ उपस्थित रहे।अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में घनश्याम टेलर भू-अभिलेख निरीक्षक प्रतापगढ़, ललिता भू-अभिलेख निरीक्षक खेरोट, दीपिका जोशी पटवारी मनोहरगढ़, निलेश राठौड़ पटवारी अमलावद, नागेश मेघवाल पटवारी केरवास, अरविन्द चौधरी पटवारी अवलेश्वर व पुलिस प्रशासन के जवान व अधिकारी उपस्थित थे। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में ग्राम द्वारा संसाधन उपलब्ध करवाये जाकर पर्याप्त सहयोग किया गया।

### तहसीलदार नीरजकुमारी ने भमरीदेवी के बैंक ऋण की राशि का समायोजन अपनी ओर से कर दिया मानवता का परिचय



● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** स्थानीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में तहसीलदार जसवंतपुरा नीरजकुमारी ने मानवता के तौर पर विधवा महिला के बैंक लोन का समायोजन कर अपनी ओर से 14 हजार रूपये का भुगतान कर मामला निपटाया । प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में एक बैंक की तरफ से मामला सामने आया कि दासपां की विधवा के बैंक ऋृण के 50 हजार रुपये बकाया है । जिस पर मौके पर उपस्थित जसवंतपुरा तहसीलदार नीरजकुमारी ने मामले की छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि दासपां की विधवा के बैंक ऋृण के पचास हजार रुपये बकाया है । मौके पर उपस्थित विधवा भमरीदेवी की नाबालिग पुत्री वीनाकुमारी ने बताया कि मेरे पिताजी भैराराम मसराराम लुहार जिनकी मृत्यु करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी । मेरे माताजी कमर दर्द की गंभीर बीमारी के कारण चलने फिरने में असमर्थ है तथा वे बैड रेस्ट पर है । मेरी दो अन्य छोटी बहिनें एवं एक भाई है । हमारी आर्थिक स्थिति बहुत खराब होने के कारण किसी भी हालत में हम ऋृण राशि का भुगतान करने की स्थिति में नहीं है । ऐसी करूण स्थिति देखकर जसवंतपुरा तहसीलदार नीरजकुमारी का दिल पसीज उठा एवं मौके पर उपस्थित बैंक अधिकारी से कहा कि इसमें कितना अंतिम भुगतान हो सकता है, वह आप बतावे ताकि मैं मेरी ओर से भुगतान कर मामला निपटाया जा सके । बैंक अधिकारी ने बताया कि कुल चौदह हजार रुपये का भुगतान करने पर मामला निपटाया जा सकेगा । ऐसी स्थिति में मौके पर ही 14 हजार रुपये दे कर बैंक से ऋृण राशि का भुगतान करने की रसीद प्राप्त की गई । लोक अदालत में उपस्थित लोगों ने इस पुनित एवं नेक कार्य के लिए जसवंतपुरा तहसीलदार नीरजकुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे विरले ही प्रशासनिक अधिकारी मिलते है ।

# दो हजार रुपए का इनामी ब्राउन शुगर सप्लायर गिरफ्तार

## पहले गिरफ्तार तस्कर ने बताया था नाम, आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 2 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। आरोपी ब्राउन शुगर कहां से खरीदकर लाता था इस बारे ने पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि नशे की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गश्त के दौरान नवाडेरा कब्रिस्तान रोड पर साइड में खड़ी एक कार को देखा। पुलिस को देखकर ड्राइवर कार को लेकर भागने लगा। कार को रोकते ही 2 व्यक्ति उतरकर कब्रिस्तान की ओर भागने लगे। कार




ड्राइवर को पकड़कर तलाशी ली। कार की स्टेयरिंग के नीचे बॉक्स में प्लास्टिक की थैली में ब्राउन शुगर मिली थी। मामले में पुलिस ने मौके से हिमालय यदुवंशी निवासी इंद्रा कॉलोनी डूंगरपुर को गिरफ्तार किया था। वहीं, ब्राउन शुगर सप्लायर को नामजद करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी। आरोपी पर 2 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश उर्फ ओमिया और पप्पुड़ा उर्फ पप्पू डामोर को गिरफ्तार किया था। वहीं, बस स्टैंड चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह और गोविंद की टीम ने तलाश करते हुए फरार आरोपी शाकिर खान (29) पुत्र इस्तियाक अहमद निवासी फरासवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी साकिर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के 5 और आर्म्स एक्ट के 2 केस दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### आचार्य सन्मति सागरजी महाराज का समाधि दिवस पर बच्चों ने की मंगल आरती

जरूरतमंद लोगों को बांटे राशन सामग्री किट और कंबल



● पदमावत मीडिया

**भींडर।** आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर के तत्वाधान में तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागरजी महाराज का समाधि दिवस मनाया गया । आचार्य सन्मति सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, अर्ध समर्पण कर मंगल आरती की गई । राष्ट्रसंत आचार्य सुनील सागरजी महाराज की मंगल प्रेरणा से आचार्य सन्मति सागर महाराज के समाधि दिवस पर आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन द्वारा विभिन्न बस्तियों में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री किट ओर कम्बल वितरण किए गए। साथ ही छोटे बच्चों को बिस्किट पैकेट वितरण किए गए। इस अवसर पर संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार, स्वरूप सिंह राणावत, शैतान सिंह राठौड़, निर्मल रावत, भरत चौबीसा मौजूद थे। राशन सामग्री हेतु सुशील जैन जीरकपुर ने, कम्बल वितरण हेतु मयंक जैन दिल्ली, दीपेश जैन दिल्ली ने ओर बिस्किट पैकेट वितरण हेतु विभोर जैन, दिल्ली ने ओर बच्चों को कॉपियां पेन पेंसिल वितरण हेतु विशाल ठोलिया जयपुर ने आर्थिक सहयोग दिया। अनिल स्वर्णकार ने कहा कि आचार्य सन्मति सागर महाराज महान तपस्वी संत थे उन्होंने तपस्वी जीवन में 9986 निर्जल उपवास किए।

## पात्रता जांच के लिए एनाटॉमी, रेडियोथेरेपी, की विचारित सूची जारी

# सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-ब्रॉड स्पेशलिटी (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता जांच हेतु एनाटॉमी एवं रेडियोथेरेपी के पदों की विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि 25 अगस्त 2022 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा के फलस्वरूप एनाटॉमी के पदों हेतु 23 एवं रेडियोथेरेपी के पदों हेतु 9 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात जारी की जायेगी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर (2 प्रतियों में) तथा समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति सहित 8 जनवरी 2025 की सांय 6 बजे तक आयोग कार्यालय में भिजवा देवें। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी तथा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया जाएगा।

# स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम स्वास्थ्य वर्धक आदतों से रूबरू हुए विद्यार्थी



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले के राजकीय विद्यालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सत्र आयोजित किए गए जिसमें विद्यार्थी स्वास्थ्यवर्धक आदतों से रूबरू हुए। डाइट प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशन में डाइट उदयपुर के परिक्षेत्र के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत आज विद्यालयों में वार्ता एवं अन्य विधाओं के माध्यम से अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रम की समस्त 11 थीम पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट सब को-ऑर्डिनेटर त्रिभुवन चौबीसा के अनुसार आज मावली ब्लॉक के राबाउप्रावि खेमली गाँव में हेल्थ एम्बेसडर सुनील कुमार वया द्वारा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर वार्ता दी गई वही गिर्वा ब्लॉक के एमजीजीएस आंबाफला में डॉ. प्रेमलता शर्मा द्वारा स्वास्थ्य वर्धक जानकारी दी गई जबकि गिर्वा ब्लॉक में हेल्थ एम्बेसडर गीता मीणा व सुमन जोशी द्वारा वार्ता के साथ ही छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन का वितरण भी किया गया।मावली ब्लॉक के राउप्रावि बामनिया खेत में हेल्थ एम्बेसडर मंजूषा मूलचंदानी ने नीले व लाल रंग की झंडियों के माध्यम से बच्चो को स्वस्थ एवं बुरी आदतों की जानकारी दी गई। दूरस्थ खेरवाडा ब्लॉक के राउमावि बरोठी ब्राह्मणान में हैल्थ एम्बेसडर नरेश शाह ने हेल्थ मैसेंजर के सहयोग से ह्यूमन ट्रैफिकिंग विषय पर वार्ता दी। ऋषभदेव के राउमावि कागदार भाटिया में हैल्थ एम्बेसडर लक्ष्मी मेघवाल द्वारा पोषण एवं स्वच्छता पर जानकारी दी गई।

## प्रखर अभियान के द्वितीय चरण की कार्य योजना पर हुई व्यापक चर्चा

# शिक्षा संकुल में प्रखर राजस्थान की आगामी तैयारियों एवं एचपीसी की समीक्षा बैठक



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** शिक्षा संकुल में मंगलवार को प्रखर राजस्थान के द्वितीय चरण की तैयारियों और हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परख द्वारा विकसित एचपीसी के मुद्रण, शिक्षकों के लिए संदर्शिका सामग्री की उपलब्धता और प्रखर राजस्थान के तहत अगले तीन माह की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आरएससीईआरटी द्वारा तैयार एचपीसी फाउंडेशन स्टेज और प्रिपरेटरी स्टेज के विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने विद्यालयों में परीक्षाफल रिकॉर्ड संधारण को व्यवस्थित करने के लिए अपने सुझाव साझा किए। समीक्षा बैठक में प्रखर राजस्थान के तहत कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं, शिक्षण योजनाओं एवं आगामी तीन माह की कार्य योजना पर चर्चा हुई। इसके लिए अभियान के अगले चरण में विद्यालय स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों की सहभागिता को मजबूत करने के उपायों एवं विद्यार्थियों के आकलन के लिए संचालित अन्य विभागीय कार्यक्रमों का विश्लेषण किया गया।

# सार समाचार

## नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन मार्च में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** नेशनल मेडिकल आर्गेनाइजेशन की ओर से आगामी 1 व 2 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में जनजागरूकता हेतु साइकिल एवं पदयात्रा का आयोजन बुधवार 25 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे फतेहसागर के देवाली छोर से किया जाएगा। ऑर्गेनाइजेशन के उदयपुर इकाई के अध्यक्ष डॉ. राहुल जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में आगामी मार्च माह में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में उद्बोधन शिशु विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र सरीन देंगे। वहीं मधुमेह के बारे में जागरूकता और निवारण के लिए डॉ. गिरीश वर्मा व डॉ. जय चोर्ड़िया उद्बोधन देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार साइकिल यात्रा देवाली छोर से रानी रोड, राजीव गांधी पार्क, महाकाल मंदिर सर्किट हाउस होते हुए फतेहसागर के ओवरफ्लो पर आकर संपन्न होगी। देवाली छोर से फतेहसागर ऑवरफ्लो छोर तक पदयात्रा का आयोजन होगा। वही उद्बोधन स्थल फतेहसागर ओवरफ्लो पॉइंट रहेगा। इस आयोजन के संयोजक डॉ. गिरीश वर्मा, राजेश करणपुरिया व डॉ. तरुण व्यास रहेंगे।

## सुविधि महिला मंडल सेक्टर 4 द्वारा तपस्वी सम्मान समारोह का आयोजन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सुविधि महिला मंडल सेक्टर 4 द्वारा तपस्वी सम्मान समारोह तथा दीपावली मिलन समारोह वर्धमान स्थानक सेक्टर 4 में उत्साह तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रुप अध्यक्ष चंचल मंडावत ने बताया की सम्मान समारोह में 16 श्रृंगार प्रतियोगिता में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सचिव कुसुम मेहता ने सुव्यवस्थित कार्यक्रम करवाने के साथ ही बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने नाचते गाते चार चांद लगा दिए, सदस्यों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति, नाटक गाने द्वारा सभी का मनोरंजन किया गया एवं इसके साथ ही निर्णायक अतिथि मधु जी खमेसरा द्वारा सबसे सुंदर 16 श्रृंगार करने वाली महिलाओं को पारितोषिक प्रदान किया। ग्रुप में हाउजी गेम का आनंद लेने में वंदना जी दक का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में 125 सदस्यों की गरिमामई उपस्थिति रही। ग्रुप सदस्यों ने इसी के साथ साल 2024 को अलविदा कहा और 2025 का मंगलमय वेलकम ।

## भूपाल नोबल्स दृश्य कला छात्र दिनेश वागरिया का ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 2024, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दृश्य कला विभाग के छात्र दिनेश वागरिया ने ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव, 2024 ग्राम पंचायत लखावली में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विभागाध्यक्ष डॉ कंचन राणावत ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, कुल सचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ एवं महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ रेणु राठौड़ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. कमल सिंह राठौड़ ने दी।

## पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने किया सज्जनगढ़ लॉयन सफारी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया ने शहर के पर्यटक स्थल सज्जनगढ़ लॉयन सफारी, रेपटाईल हाउस जैविक उद्यान सज्जनगढ़ एवं उबेश्वर जी में जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लॉयन सफारी वॉच टावर से शहर के महत्वपूर्ण झील फतहसागर तथा 20 हैक्टर वन क्षेत्र में विकसित किये गये लॉयन सफारी के मेनगेट, फैन्सिंग कार्य, ईको ट्रेल, बड़े पौधो का पौधारोपण कार्य, चारागाह विकास, पौधों को पानी पिलाने हेतु स्प्रिंकलर सिस्टम, हॉल्ड़िग एरिया आदि का निरीक्षण किया। लॉयन सफारी के वन क्षेत्र में चीतल भी घुमते हुए नजर आये। जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में विकसित किये जा रहे रेपटाईल हाउस में ड़िजाईन अनुसार सांपों की प्रजातियाँ एवं कछुएं डिसप्ले हेतु टफन ग्लास से निर्मित एनक्लोजर का अवलोकन किया तथा आम पर्यटकों के लिए सर्प प्रजातियों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु डिजीटल डिसप्ले के माध्यम से तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### यूडीए ने अर्बन स्केचर्स को मंच देकर किया प्रोत्साहित

# दो दर्जन से अधिक चित्रकारों ने नेहरू गार्डन में की स्केचिंग



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** कला, साहित्य और शिल्प-वैशिष्ट्य की धरा लेक सिटी उदयपुर में युवा स्केचर्स के समूह 'अर्बन स्केचर्स' की हर सप्ताह की साधना को प्रोत्साहित कर संबल प्रदान करने के लिए उदयपुर विकास प्राधिकरण ने पहल की और नेहरू गार्डन में आमंत्रित कर स्कैचिंग करवाई है। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि अर्बन स्कैचर्स में सम्मिलित दो दर्जन से अधिक चित्रकारों द्वारा प्रत्येक सप्ताह की जाने वाली स्कैचिंग से प्रेरित होकर प्राधिकरण ने इन्हें फतहसागर झील में स्थित नेहरू गार्डन में स्कैचिंग के लिए आमंत्रित किया था। इस दौरान अर्बन स्केचर्स प्रमुख और ख्यातनाम वास्तु विशेषज्ञ सुनील एस. लड्ढा के नेतृत्व में 35 चित्रकार बोट के माध्यम से नेहरू गार्डन पहुंचे और यहां के सौंदर्य को स्केच के माध्यम से संजोया। इस दौरान कलाकारों ने नेहरू गार्डन में विकसित किए गए फाउंटेन, एम्फी थियेटर, गार्डन, छतरियों, रेस्टोरेंट, पेड़-पौधों के साथ-साथ फतहसागर झील और पार्श्व में स्थित अरावली की उपत्यकाओं आदि के सौंदर्य को उकेरा। जैन ने बताया कि यूडीए ने हाल ही में नेहरू गार्डन का जीर्णोद्धार करवाया है और यहां टूट-फूट की मरम्मत व रंग-रोगन के साथ-साथ भांति-भांति के फाउंटेन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर कलाकारों की प्रस्तुतियों के लिए एम्फी थियेटर भी तैयार करवाया गया है जहां पर कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे सकेंगे। उन्होंने जल्द ही इसके लोकार्पण करवाने की बात भी कही।

### बेनज़ीर है उदयपुर का नैसर्गिक सौंदर्य

इस मौके पर युवा चित्रकारों को संबोधित करते हुए अर्बन स्केचर्स प्रमुख लड्ढा ने कहा कि उदयपुर का नैसर्गिक सौंदर्य पूरे विश्व में बेनज़ीर है और कलाकारों की स्कैचिंग के लिए भी यह अनूठा विषय है। उन्होंने कहा कि स्कैचिंग स्वांत सुखाय कला का एक प्रतीक है और कलाकार इसके माध्यम से मानसिक संतुष्टि अर्जित करता है। इस मौके पर उन्होंने अन्य युवा कलाकारों को अर्बन स्केचर्स के वैश्विक समूह से जुड़ने और हर सप्ताह स्कैचिंग करने का भी आह्वान किया। इस मौके पर प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी, चित्रकार राहुल माली सहित बड़ी संख्या में स्केचर्स मौजूद रहे।

# शंकराचार्य भगवान के नेतृत्व में शीतकालीन चार धाम यात्रा अविस्मरणीय अनुभवः मेवाड़ धर्म प्रमुख रोहित गोपाल

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी 1008 अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के नेतृत्व में उत्तराखंड में शीतकालीन चार धाम यात्रा का आयोजन हुआ। 16 से 23 दिसंबर तक हुई इस यात्रा में उदयपुर, चित्तौड़, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं दिल्ली के सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। यात्रा के विषय में बताते हुए मेवाड़ धर्म प्रमुख एवं चित्तौड़गढ़ धर्मांसद अधिकारी रोहित गोपाल सूत जी महाराज ने बताया कि इस यात्रा के दौरान शंकराचार्य भगवान के दर्शन और सत्संग ने उन्हें एवं यात्रा में शामिल भक्तों को जीवन के गहरे सत्य का बोध कराया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने सुखी मठ में माँ यमुनोत्री के दर्शन किए, जहाँ उन्हें शनि भगवान के आशीर्वाद से यह अनुभव हुआ कि यह स्थान न तो यम के भय से और न ही शनि की साढ़े साती के डर से मुक्त है। माँ यमुनोत्री के दर्शन ने श्रद्धालुओं को भयमुक्त किया और परिवार में मधुर संबंधों का ज्ञान प्राप्त हुआ। इसके बाद, मुखवा मुखी मठ में पहुँचने पर ऐसा लगा जैसे श्रद्धालु माँ गंगा के साथ परम ब्रह्म के दर्शन कर रहे हों। शंकराचार्य भगवान ने बताया था कि जैसे माँ गंगा निरंतर गमन करती रहती हैं, वैसे ही हमें भी जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। सर्वहिताय चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि इस यात्रा में ऊखी मठ और ऊँ कारेश्वर भगवान के दर्शन ने श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक शांति दी। यात्रा का समापन हरिद्वार के चंडी घाट पर भव्य आरती से हुआ, जिसमें माँ चण्डी ने सभी 108 यात्रियों को आशीर्वाद दिया। साथ ही शंकराचार्य भगवान ने मेवाड़ धर्म प्रमुख रोहित गोपाल को सुदर्शन दंड भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया।

## आशाधाम आश्रम में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया क्रिसमस व नव वर्ष दिवस

### आश्रम के सदस्यों द्वारा लघु नाटिका एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** आशाधाम आश्रम प्रांगण में मंगलवार को सिस्टर डेनिसा की अध्यक्षता में क्रिसमस व नववर्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना गीत के साथ किया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का उपर्णा पहना कर स्वागत किया तत्पश्चात सिस्टर सीना जॉन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट निर्मल पंडित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सिस्टर डेमियन याद किया और बताया कि सिस्टर डेमियन के जाने के बाद भी आश्रम व्यवस्थित और बड़े जोश के साथ आगे बढ़ रहा है यह सिस्टर डेमियन के आशीर्वाद से ही संभव है तथा आश्रम में निवासरत सभी सिस्टर की त्याग और सेवा भावना से ही संभव है और निरंतर आश्रम प्रगति कर रहा है और नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी सिस्टर की सेवा भावना की सराहन की तथा क्रिसमस की सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रभु यीशु के जन्म पर आश्रम के सदस्यों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई तथा अन्य नृत्य प्रस्तुतियां दी गई कार्यक्रम के अंत में सिस्टर डेनिसा ने धन्यवाद अर्पित किया और सभी लाभार्थी व स्टाफ को गिफ्ट प्रदान किये तथा सभी को क्रिसमस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सिस्टर सीना जॉन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन नाच गान के साथ किया गया।

### मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

# जनवरी में होगा मेवाड़ जनशक्ति दल का प्रतिभा सम्मान समारोह

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर की मासिक बैठक आज ज्ञान ज्योति कोचिंग संस्थान में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अतुल शर्मा, संगठन प्रमुख नरेश कुमार शर्मा और संभाग अध्यक्ष जगदीश मेनारिया ने की। बैठक में संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। जिसमें उन्होंने बताया कि आगामी जनवरी 2025 में स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर मिशन के तहत मेवाड़ गौरव प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

उदयपुर के गणमान्य साथ ही छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच पर लाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होगा और इस कार्यक्रम के माध्यम से संपूर्ण उदयपुर को स्वच्छता का संदेश विहंगम रूप से दिया जाएगा, इस कार्यक्रम के माध्यम से संपूर्ण उदयपुर की आमजन से निवेदन किया जाएगा कि स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर के लिए अपना अमूल्य सहयोग आवश्यक रूप से प्रदान करें। ज्ञान ज्योति संस्थान के निदेशक एवं संघठन के संरक्षक राहुल मेघवाल ने बताया कि स्वच्छता मिशन के लिए पूरे शहर में मेवाड़ जन शक्ति दल एक निगरानी दल का गठन करेगा, जो शहर की स्वच्छता की निगरानी करेगा और युवाओं को जोडक़र स्वच्छता के विषय में शहर वासियों को जागरूक करने में सहयोग करेंगे। संरक्षक डॉक्टर परमवीर सिंह राव ने बताया कि 2023-24 के दसवीं क्लास के विद्यार्थी जिसमें जो बच्चे 80 प्रतिशत से अंक ऊपर लेकर आए हैं वह दिए गए नंबर 6367112320 पर अपना प्रोग्रेस रिपोर्ट सेंड करके रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं अंतिम दिनांक 3 जनवरी तक रहेगी। बैठक में संरक्षक अतुल शर्मा, संभाग अध्यक्ष जगदीश मेनारिया, संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी, संरक्षक डॉ परमवीर सिंह राव, गायत्री परिवार से प्रणय त्रिपाठी, जय प्रकाश पानेरी, राजेंद्र मीणा और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कम्प्यूटर अकाउंटिंग/टैली सीखने का सुनहरा मोका फ्री में उठाये लाभ-बी.ओ.बी. आर-सेटी

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** रोजगार को बढ़ावा देने के लिए साथ ही प्रतापगढ़ जिले के युवक-युवतियों को शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए सुनहरा मौका लाया है। बड़ौदा आर-सेटी प्रतापगढ़ की ओर से कम्प्यूटर अकाउंटिंग का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण उन व्यक्तियों के लिए एक शानदार अवसर है जो अकाउंटिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं और कम्प्यूटर की मदद से वित्तीय कार्यो में दक्षता हासिल करना चाहते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल अकाउंटिंग सॉफ़्टवेयर के उपयोग को समझने में मदद करेगा, बल्कि इससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को अपने स्वरोजगार की शुरुआत करने का भी मौका मिलेगा। इसके अंतर्गत बुनियादी और उन्नत अकाउंटिंग की जानकारी दी जाएगी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि साथ ही विभिन्न अकाउंटिंग टूल्स जैसे टैली, एक्सल और अन्य सॉफ़्टवेयर पर भी प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही स्वयं सहायता समूह राजीविका की महिला जो इस क्षेत्र से जुड़ी है व कम्प्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर चाहती उन्हें प्रशिक्षण के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन 26 दिसम्बर से किये जाएगे इच्छुक उम्मीदवार निम्न दस्तावेज अंकतालिका, आधारकार्ड, राशनकार्ड, पासपोर्ट फोटो 3, मनेरेगा जॉब कार्ड, बैंक की पासबुक के साथ कार्यालय समय प्रातः 9रू30 से सायं 6रू00 तक संस्थान में आकर अपना आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण पुर्णतया निःशुल्क है तथा आवासीय व भोजन सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध है। प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को कौशल विकास का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान का पता धरियावाद रोड़, जिला कलेक्ट्री कार्यालय के पास प्रतापगढ़ है। अधिक जानकारी कार्यालय फ़ोन नंबर 01478-220061 से भी सम्पर्क कर सकते है।

# जिला स्तरीय विशाल सत्संग 27 को, सत्संग को लेकर जिला कलक्टर सहित अधिकारियों को दिया निमंत्रण

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** पूर्ण परमात्मा कबीर साहेब और जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज जी की असीम दया से राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में जिला स्तरीय विशाल सत्संग देहज मुक्त विवाह (रमैणी) रक्तदान, देहदान शिविर व निःशुल्क नामदीक्षा का आयोजन 27 दिसम्बर, शुक्रवार प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सुखाडिया स्टेडियम नीमच चोराहा प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। जिला स्तरीय विशाल सत्संग को लेकर जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया, जिला पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी प्रतापगढ़, तहसीलदार, जिला जेल अधीक्षक, जिला थानाधिकारी, जिला नारकोटिक्स अधिकारी, महिला पुलिस थानाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोषाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र दिया गया। संत रामपाल जी महाराज के जिला सेवादारों द्वारा घर-घर जाकर विशाल सत्संग में भाग लेने को लेकर निमंत्रण देकर व्यापक स्तर पर होर्डिंग्स, बैनर, पैम्पलेट, रैली आदि के माध्यम से जिले में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सेवादारों ने बताया कि इस पावन धार्मिक आयोजन में सभी अपने मित्रो, रिश्तेदारों व परिवार सहित को सादर आमंत्रित किया हैं।

### संत रामपाल जी महाराज का मुख्य उद्देश्य

संत रामपाल जी महाराज का मुख्य उद्देश्य यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करना, विश्व को सतभक्ति देकर मोक्ष प्रदान करना, समाज से जाति-पाति के भेद को मिटाना, युवाओं में नैतिक और आध्यात्मिक जाग्रति लाना, समाज से हर प्रकार के नशे को दूर करना, समाज से दहेज रूपी कुरीति को जड़ से खत्म करना, समाज में शांति व भाईचारा स्थापित करना व सामाजिक बुराइयों को समाप्त करके स्वच्छ समाज तैयार करना है।

# बी एन यूनिवर्सिटी में देश के प्रकृति प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र एवं संकाई सदस्यों का प्रकृति परीक्षण

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** पंडित मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद कॉलेज, उदयपुर के पंचकर्म डिपार्मेंट के सौजन्य एवं भूपाल नोबल्स इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, बीएन कॉलेज ऑफ फार्मसी और फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के तत्वाधान में ÷देश के प्रकृति प्रशिक्षण÷ कार्यक्रम के तहत छात्र एवं संकाई सदस्यों का प्रकृति परीक्षण किया गया। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, विद्याप्रचारिणी सभा के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया, बी.एन. संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रुपाखेड़ी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एन. एन. सिंह खौड के निर्देशानुसार विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों का भारत में चल रही ''प्रकृति परीक्षण अभियान'' के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय राजस्थान आयुर्वेद महाविद्यालय की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बी. एन. कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दिलिप सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण मदन मोहन मालवीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेश दिक्षित के निर्देशन में कौमारभ्रत्य बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रामकुमार भामू, डॉ. शान्ति लाल एवं डॉ. नवल गुर्जर द्वारा किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी एवं कर्मचारियों का आयुर्वेद प्रकृति के अंतर्गत प्रकृति एवं स्वभाव का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के आधार पर सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को जीवनशैली की सलाह का पालन करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखने के बारें में बताया। बीएन फार्मास्यूटिकल में इस प्रकृति परीक्षण हेतु पंचकर्म विभाग के डॉ रामपाल चौधरी, डॉ ममता, डॉ घनश्याम बेरीवाल, डॉ उषा, डॉ शालिनी और डॉ संजू की टीम तथा फार्म फैकल्टी के डॉ एम एस राणावत, डॉ एस एस सिसोदिया, डॉ जय सिंह वाघेला, डॉ भूपेंद्र व्यास, डॉ रजत वैष्णव, डॉ कोमल शर्मा, डॉ.अमित भार्गव एवं प्रदीप चुंडावत आदि ने उपस्थित होकर द्वारा छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की प्रकृति का परीक्षण करवाया। इस दौरान जांच कर्ता चिकित्सकों द्वारा सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य के बारे में विभिन्न सवाल पूछे ।उसी के आधार पर एप ने सभी की प्रकृति के बारे में सर्टिफिकेट बनाए। कार्यक्रम से पूर्व बीएनआईपीएस के प्राचार्य डॉ.चेतन सिंह चौहान ने पंडित मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद कॉलेज से आए हुए डॉक्टरों की टीम से आयुर्वेद और फार्मेसी में संयुक्त शोध करने हेतु चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचकर्म विभाग की चिकित्सा के बाद विभिन्न मानकों की समय-समय पर जांच कर स्टैटिकली किस प्रकार से उपयोगी बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में लगभग सवा सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किया गया है इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न नागरिकों के स्वास्थ्य की प्रकृति के बारे में पता चल पाएगा एवं साथ ही उन्हें यह सलाह भी दी जाएगी की विभिन्न मौसमों के बदलाव के दौरान किस प्रकार का खान-पान रखना चाहिए और निरोग रहने के लिए क्या-क्या आवश्यक कदम समय-समय पर उठाने चाहिए। कृषि महाविद्यालय के सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. फतहलाल शर्मा ने बताया कि देश का प्रकृति परीक्षण अभियान आयुर्वेद को हर व्यक्ति के करीब लाता है। अतः जिन विद्यार्थियों का प्रकृति परिक्षण नहीं हुआ है, उनका भी आने वाले समय में आवश्यक रुप से कराया जायेगा। डॉ. पी. एस. राव, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य का स्वस्थ्य होना अति आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को खान-पान एवं व्यायाम करना जरुरी है। इस कार्यक्रम की व्यवस्था सुश्री प्रेक्षा नागर ने की। ये जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।